जिला कलेक्टर ने जल स्वावलम्बन अभियान को जन आंदोलन बनाने के निर्देश दिये

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार जल एवं पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से नीतिगत निर्णय लेकर राजस्थान को स्वस्थ एवं स्वच्छ प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के अवसर पर जिले में वृहद स्तर पर पौधारोपण करने के साथ ही 5 जून से 20 जून तक जल स्वावलम्बन पखवाडा, श्रमदान, पर्यावरण मैराथन, जागरूकता एवं विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।

जिला कलेक्टर ने विभिन्न अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

जिला कलेक्टर ने गुरूवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में विभिन्न अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल स्वावलम्बन पखवाड़े में आयोजित होने वाली गतिविधियों में आमजन की पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित हो तथा प्रत्येक गांव को इन गतिविधियों में जोडा जाएं ताकि यह एक जन आंदोलन का रूप ले सके।

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर स्मृति वन में जिला स्तरीय पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि 4 जून को प्रात: 7 बजे से प्रात: 8 बजे तक पर्यावरण मैराथन रैली कलेक्ट्रेट से बजरंग कांटा, डीईओ कार्यालय तक विभिन्न विभागों की सहभागिता से आयोजित की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर जिले में जल स्वावलम्बन पखवाड़े के माध्यम से वर्षा जल के अधिक संग्रहण तथा जल स्त्रोतों के रख-रखाव एवं स्वच्छता के लिए व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

जिला कलेक्टर शर्मा ने कहा कि 5 जून से 20 जून तक जल स्वावलम्बन पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक ग्राम एवं शहर में समस्त विभागों द्वारा जल स्त्रोतों, नदियों, जल धाराओं एवं तालाबों पर पूजन कलश यात्रा, जागरूकता अभियान, स्वच्छता अभियान एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, विभिन्न जल संग्रहण संरचनाओं का लोकार्पण एवं नई संरचनाओं का शुभारम्भ भी किया जाएगा। इसी तरह प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की 10 नई जलग्रहण परियोजनाओं का शुभारम्भ भी होगा।

जिला कलेक्टर शर्मा ने कहा कि सबका श्रम-सबकी सहभागिता की भावना के साथ जल स्वावलम्बन पखवाड़े में आयोजित होने वाली गतिविधियों की जागरूकता के लिए वृहद् स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करने के साथ ही जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं आमजन को सहभागिता के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने सिंचाई विभाग को एमजेएसए में स्वीकृत सात कार्यों के तहत बांधों की साफ-सफाई, पौधारोपण के कार्य करवाने, कृषि विभाग को फार्म पोण्ड कार्यों का उद्घाटन, शिलान्यास करवाने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर शर्मा ने वन विभाग के साथ ही विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय से मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान एवं हरियालो राजस्थान मिशन के अन्तर्गत विभागों को आंवटित लक्ष्यानुसार आगामी मानसून सत्र में पौधारोपण की आवश्यक गतिविधियों, पौधारोपण के लिए गड्ढे खोदने की तैयारियां अभी से शुरू किये जाने के निर्देश दिये।

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि विश्व भर में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। जिले में 2 लाख 51 हजार लोगों का योगाभ्यास में भाग लेने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि जिले में योग दिवस के आयोजन को जिले की संस्कृति एवं धरोहर से जोड़ते हुए जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों जीणमाता, खाटूश्यामजी, पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक स्थानों पर योगाभ्यास का आयोजन सुनिश्चित किया जाए।

■ जिले में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर वृहद स्तर पर पौधारोपण होगा

इसके साथ ही, ब्लॉक, ग्राम पंचायत, आयुष्मान आरोग्य मंदिर और सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में भी योगाभ्यास का आयोजन किया जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग को योग दिवस आयोजन के लिए योग दिवस प्रशिक्षण, पीटीआई को नियुक्त करने तथा जिले की सरकारी, गैर सरकारी शैक्षिणक संस्थानों में 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाये जाने के निर्देश दिये।

बैठक में सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, यूआईटी सचिव जेपी गौड, अधीक्षण अभियन्ता जल ग्रहण रमेश कुमार मीणा, उपवन संरक्षक गुलजारी लाल, एडीपीसी राकेश लाटा, सहायक निदेशक राकेश गढवाल, आयुक्त नगर परिषद शशीकांत शर्मा , अधीशाषी अभियन्ता रामकुमार चाहिल, उपनिदेशक आयुर्वेद राजेश ऋषिका, योगेश मिश्रा सहित बैठक से जुडे संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को शरबत पिलाया

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय एवं ईसरी शक्ति धाम मंदिर झुंझुनूं के संयुक्त तत्वावधान में अदिति रोहिल्ला की पुण्य स्मृति में रेलवे स्टेशन झुंझुनूं पर यात्रियों को ठंडा शरबत पिलाया गया।

सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अदिति रोहिल्ला की पुण्य स्मृति में ईसरी शक्ति धाम मंदिर एवं स्काउट गाइड के संयुक्त तत्वावधान में जगह-जगह आम जन को गर्मी में राहत प्रदान करने के लिए शरबत पिलाने का आयोजन किया गया है। जिसके उसी कड़ी में राष्ट्रपति अवार्ड विजेता स्काउट उमेश रोहिल्ला एवं सीओ स्काउट महेश कालावत के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन पर जल सेवा एवं शरबत पिलाने का पुनीत कार्य किया गया।

इस अवसर पर श्यामसुंदर टेलर, सुनिल टेलर, महेश कोकचा, जितेंद्र महला, पवन प्रजापत, रघुनंदन टेलर, सुमित टेलर, ओमप्रकाश डिग्रवाल, अनूप जालान, कपिल जालान, निर्मल कुमावत, प्रयाग कुमावत, जय रोहिल्ला, गर्वित कुमावत, नमन रोहिल्ला, राजेश हरिपुरा, ऋषि कुमावत, रामचंद्र मीणा, जसवंत मीणा, सुरेंद्र किरोडीवाल एवं दिनेश कुमार ने जल सेवा करने में महती भूमिका निभाई। इस अवसर पर उमेश रोहिला ने कहा कि जल सेवा से बढ़कर पुण्य का कोई भी कार्य नहीं है। इसलिए हमें इस गर्मी में आमजन को राहत प्रदान करने के लिए ऐसा आयोजन समय पर करने चाहिए।

सार-समाचार

चूरू में मॉकड्रिल

चूरू (निसं)। भालेरी रोड स्थित 132 केवी जीएसएस पर शनिवार को ड्रोन अटैक की सूचना के बाद प्रशासन मौके पर दौड़ा। 7 बजकर 28 मिनट पर सायरन बजने के बाद कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि भालेरी रोड स्थित 132 केवी जीएसएस पर ड्रोन से हमला हुआ है, जिसमें दो दर्जन से अधिक लोगों के हताहत होने की खबर मिली है, जिसमें तीन व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई और आठ गम्भीर घायल हो गये। सूचना मिलने पर जिला प्रशासन की टीम मय जाब्ता के साथ मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही सबसे पहले एडीएम एडीएम अर्पिता सोनी, उसके बाद सीओ सिटी सुनील कुमार, फिर जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, एसपी जय यादव, नगर परिषद की दमकल सहित चिकित्सा विभाग की टीम मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की सहायता से घायलों को राजकीय डीबी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया। गौरतलब है, कि शनिवार शाम प्रशासन की ओर से चूरू में ड्रोन अटैक की मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान नागरिक सुरक्षा बल, पुलिस बल, मेडिकल टीम, स्काउट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने बताया कि जिला मुख्यालय पर आपातकालीन परिस्थितियों के परीक्षण हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों के दौरान आवश्यक सेवाओं के रिस्पॉन्स टाईम व आमजन की प्रक्रिया का परीक्षण करना था। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि अपनी सेवाओं के लिए सदैव तैयार रहें तथा रिस्पॉन्स टाइम को न्यूनतम स्तर के लिए मुस्तैद रहें। उन्होंने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों के मध्यनजर अपने संसाधनों आदि का नियमित चालू होना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक जय यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिस्पॉन्स टाइम को बेहतर करें। सभी अपने संसाधनों व आवश्यक गतिविधियों के बारे में समुचित जानकारी रखें। आपातकालीन परिस्थितियों के दौरान बरती जाने वाली एहतियात के बारे में जागरूक रहें तथा नियमित अभ्यास में लाएं। पूर्व में रही खामियों से सीखें तथा प्रत्येक समय आपातकालीन परिस्थितियों के लिए मुस्तैद रहें।

तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ दिलाई

सीकर (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय सीकर के तत्वावधान में चल रहे ग्रीष्मकालीन कला कौशल शिविर के दौरान शनिवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी अजीत कुमार शर्मा का स्वागत स्कार्फ पहना कर स्काउट भावनाओं के साथ सीओ बसंत कुमार लाटा ने किया एवं विश्व तंबाकू निषेध दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। बालिकाओं के द्वारा अतुल दाधीच के नेतृत्व में मत पियों सा बोल के साथ नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य वक्ता डॉक्टर अजीत शर्मा ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा सभी को परिवार ,समाज से धूम्रपान को दूर करने के लिए प्रेरित किया एवं सभी को इससे दूर रहते हुए समाज में फैले धूम्रपान व नशे को दूर करने का आव्हान किया। संगीत की कक्षा के संभागियो ने महेंद्र कुमार पारीक के नेतृत्व में धुआं मना उडावे रे इस बोल के साथ गायन प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य दिनेश पुरोहित ने धूम्रपान निषेध के लिए शपथ दिलवाई। कार्यक्रम के दौरान रेखा शर्मा, बबीता शर्मा, मनोहर लाल, पवन कुमार, बजरंग लाल, डॉ निकिता ढाका दीनदयाल शर्मा ,देवीलाल, मोहन लता, दिनेश सैनी, मोहनलाल सुखाडिया, चेतन मिश्रा, अतुल दाधीच,अनिल कुमार, लखन बावरिया, सहित सैकडों अभिभावक व स्काउट रोवर एवं अन्य छात्राएं उपस्थित रहे। इसके साथ ही जिले में विभिन्न स्थानों पर विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये।

टॉपर्स का सम्मान किया

पाटन (निसं)। महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रायपुर पाटन में आज गौरवपूर्ण एवं ऐतिहासिक उपलब्धियों का जश्न मनाया गया। विद्यालय की होनहार छात्रा संजना कंवर ने राजस्थान बोर्ड परीक्षा में 98.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में दूसरा स्थान प्राप्त किया, बल्कि पूरे प्रदेश और सीकर जिले में रायपुर पाटन का नाम गर्व से ऊँचा किया।विद्यालय प्रांगण में आयोजित सम्मान समारोह में टॉपर्स सहित पूरे विद्यालय स्टाफ और प्रधानाचार्य ओमप्रकाश चौधरी का ग्रामीणों द्वारा साफा व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इसके उपलक्ष्य में पूरे गांव में विजय रैली निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।प्रधानाचार्य ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि विद्यालय की 14 बालिकाओं में से 8 का चयन प्रतिष्ठित गार्गी पुरस्कार के लिए हुआ है, जो विद्यालय की शैक्षिणक गुणवत्ता और बालिकाओं की उपलब्धियों का प्रमाण है। विद्यालय का वातावरण पूर्णत: प्राकृतिक है, जो शिक्षा के लिए अनुकूल एवं प्रेरणादायक है।इस अवसर पर ग्राम पंचायत रायपुर पाटन की ओर से श्रीराम यादव, के.आर. धोलीवाल, पूरण मल सैनी, प्रहलाद सैनी, बजरंग सिंह, जगदीश माली, रतिराम ठेकेदार एवं ईस्माइल खां ने विद्यार्थियों व शिक्षकों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

अनियंत्रित होकर कार दीवार से टकराई, हादसा टला

सादुलपुर, (निसं)। जाको राखे साइयां मार सके ना कोय ठीक इसी कहावत को चरितार्थ करते हुए ऐसा ही एक दुर्घटना का मामला शनिवार को सादुलपुर चूरू एनएच 52 पर पिलानी रोड जाने वाली बाईपास रोड सादुलपुर पर सामने आया है। दोपहर तीन बजे मिली जानकारी के अनुसार सादुलपुर चूरू एनएच 52 से पिलानी की ओर जाने वाले बाईपास पर यह सडक दुर्घटना हुई है, कार में पांच लोग सवार थे, मगर मामूली चोट आकर बच गए। लेकिन दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि जिस प्रकार से हादसा हुआ, उससे लगता था कि गाडी में कोई सुरक्षित नही बचा, लेकिन जाको राखे साइयां मार सके ना कोय ठीक वही कहावत चरितार्थ हो गई तथा कार में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए, मगर कार क्षितग्रस्त हो गई तथा दीवार टूटकर गिर गई। अनुसंधान अधिकारी राजकुमार हेड कॉन्स्टेबल ने बताया कि तीव्र रफ्तार से जा रही एक कार अनियंत्रित होकर एक खेत की दीवार को जा टकराई और दीवार हवा में गोते लगाती हुई खेत के अंदर जा गिरी। आसपास के लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को संभाला और एंबुलेंस बुलवाकर उन्हें श्रीनाथजी हॉस्पिटल पहुंचाया। जहाँ मामूली चोटों से घायलों का उपचार किया।

अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई

पाटन (निसं)। राजकीय कमला मोदी महिला महाविद्यालय नीमकाथाना में एनएसएस व महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती मनाई गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ मनोज बंशिया (जिला अध्यक्ष, विश्व हिन्दु परिषद, सीकर), हरिप्रसाद सैनी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, भाजपा नीमकाथाना व प्राचार्य प्रो (डॉ.) मंजू वर्मा के द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। बंशिया ने कार्यक्रम में लोकमाता होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला व छात्राओं को लोकमाता के जीवन दर्शन को अपनाकर, भारतीय संस्कृति परम्परा को आगे बढाने का आ ान किया। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा लोकमाता होल्कर के भारतीय समाज में धार्मिक, प्रशासनिक व सामाजिक योगदान के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ. अजीत, डॉ. सुरेश चौधरी सहित समस्त स्टॉफ व छात्राएँ उपस्थित रही।

जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक दो को

रतनगढ़, (निसं)। चूरू जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक दो जून 2025 को सुबह 10:30 बजे सालासर के सालासर सेवा सदन बालाजी धाम अंजनी माता जी के मंदिर के पास भवन में होगी। कमेटी के अध्यक्ष इंद्रराज खीचड ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार सालासर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीसांसद, विधायक, पूर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी, ब्लॉक अध्यक्ष, अग्रिम संगठनों के अध्यक्ष की उपस्थिति में संगठनात्मक चर्चा की जाएगी।

छात्राओं को जागरुक किया

सादुलपुर, (निसं)। पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में चल रहे 15 दिवसीय समाज सेवा शिविर में शनिवार को आठवें दिन संस्था प्रधान डॉक्टर सुशीला पूनिया ने समाज सेवा शिविर के प्रमुख उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को अंधविश्वास, विभिन्न सामाजिक कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह व मृत्यु भोज इत्यादि के प्रति समाज को जागरूक करने हेतु प्रेरित किया।

10 गांव-कस्बों के लिये ट्यूबवेल स्वीकृत

झुंझुनूं, (निसं)। विधानसभा क्षेत्र के 10 गांव-कस्बों में अब पेयजल संकट का समाधान होगा।

झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू ने झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के इस्लामपुर, माखर, सारी, सुलताना, दोरासर, बिंजूसर, उदावास, दुर्जनपुरा, चनाना, मालुपुरा गांवों में मय विद्युत कनेक्शन नलकूप निर्माण के एक करोड 76 लाख रुपए के कार्य स्वीकृत करवाएं हैं। विधायक भांबू ने इस संबंध में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व जलदाय विभाग के मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का आभार जताया है।

गौरतलब है कि गत सप्ताह कन्हैयालाल चौधरी झुंझुनूं दौरे पर रहे थे, उस दौरान विधायक भांबू ने यह मांग रखी थी। स्वीकृति के तहत इस्लामपुर में गर्वा बस्ती में, माखर गांव में, सारी ग्राम में पानी की बसी टंकी के पास, सुलताना नगरपालिका में वाल्मिकी मोहल्ला जोडिया रोड पर, दोरासर व बिंजूसर गांव में, उदावास में कडवासरों की ढाणी में, दुर्जनपुरा की खातियों की ढाणी में, चनाना की रैगर बस्ती मेघवाल बस्ती में, मालुपुरा के योगियों के मोहल्ले में मय विद्युत कनेक्शन नलकूप का कार्य किया जाएगा।

सीकर को नशा मुक्त नगरी बनाने के लिए कार्यशाला का आयोजन

सीकर (निसं)। तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एसआरकेपीएस व सीकर नगर परिषद द्वारा शिक्षा नगरी सीकर हो नशा मुक्त नगरी को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं में नशे के प्रति जागरूकता फैलाना और शिक्षण संस्थानों को नशा मुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाना था।

नगर परिषद राजस्व अधिकारी प्रमोद कुमार सोनी ने कार्यशाला में नगर परिषद सीकर द्वारा तम्बाकू नियंत्रण को लेकर किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। सोनी ने तम्बाकू बेचने के लिए वैंडर लाईसेंस प्रणाली के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक स्थलों पर तंबाकू सेवन को रोकने और जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। सोनी ने बताया कि तंबाकू विक्रेताओं के लिए एक वेंडर लाइसेंस सिस्टम लागू किया गया है, जिसके अंतर्गत अब बिना लाइसेंस के तंबाकू उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि अभी तक 90 प्रतिशत तम्बाकू विक्रेताओं ने लाइसेन्स ले लिए, जिन्होंने नहीं लिए है उन पर शीघ्र ही कार्यवाही प्रारम्भ की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्कूल, कॉलेज और अस्पताल जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री नहीं हो।

नगर परिषद की टीम द्वारा समय-समय पर निरीक्षण कर कार्रवाई भी की जा रही है और नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आम नागरिकों की भागीदारी से ही तंबाकू मुक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने सभी दुकानदारों और आमजन से अपील की कि वे नगर परिषद के साथ मिलकर तंबाकू नियंत्रण अभियान को सफल बनाएं और एक स्वस्थ समाज की दिशा में कदम बढ़ाएं।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पिपराली ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजीत कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि तंबाकू न केवल स्वास्थ्य के लिए घातक है, बल्कि यह समाज और देश की प्रगति में भी बाधक बनता है। उन्होंने शिक्षण संस्थानों को नशा मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने का आव्हान किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि एस के मेडिकल कॉलेज सीकर के प्रोफेसर व सर्जन डॉ. रामरतन यादव ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि तम्बाकू सेवन से आमजन में बीमारियों की संख्या दिनप्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होनें सभी से कहा कि इस मुहिम का हिस्सा बनें और अपने-अपने स्तर पर नशा मुक्ति के प्रयास करें।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए विशिष्ठ अतिथि एसआरकेपीएस प्रतिनिधि राजन चौधरी ने कहा कि तंबाकू नियंत्रण कानून (सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम) का प्रभावी क्रियान्वयन बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस कानून के सही तरीके से पालना से न सिर्फ युवाओं को तंबाकू की लत से बचाया जा सकता है, बल्कि इससे जनस्वास्थ्य पर भी सकारात्मक असर पडेगा। उन्होंने संबंधित विभागों और अधिकारियों से अपील की कि वे कानून को सख्ती से लागू करें और जागरूकता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाएं।

सार-समाचार

विद्यार्थियों का अभिनंदन किया

चूरू (निसं)। स्थानीय मेरीगोल्ड वर्ल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं व 10वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। संस्था निदेशक अभिषेक चोटिया ने बताया कि मैरीगोल्ड स्कूल में 12वीं कॉमर्स के छात्र चंद्रप्रकाश पांडे ने सबसे अधिक 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चूरू में टॉपर रहा और साइंस में चेतना अग्रवाल ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अव्वल रही है। सचिव विनीत चोटिया ने बताया कि कक्षा 10वीं में जिया सैनी ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार विक्रांत सैनी ने 96, चंद्रिका शर्मा ने 94, स्नेहा गहनोलिया ने 94, कुमकुम जालान ने 93, मोहम्मद अजीम ने 93, अजय राव ने 93, मंसूर अली ने 93, हर्षवर्धन राठौड ने 93, रचिता सैनी ने 92, हिमांशु गुर्जर ने 92, अंशिका गौतम ने 91, विनीता झाझरिया 90 प्रतिषत अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्षन किया और विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस दौरान विद्यालय परिवार की ओर से संजू शर्मा, खुशबू बोचीवाल, कुलदीप प्रजापत, मोहित पांडे, अरुण महनसरिया, पायल जांगिड, गिरीश मित्तल, अचला शर्मा, सरीना सहित स्टॉफ सदस्यों ने विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर, गुलाल लगाकर, साफा पहनाकर व मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कलश स्थापना की

कोलसिया, (निसं)। ग्राम परसरामपुरा स्थित मटोलिया धाम में शनिवार को कलश स्थापना के साथ ही संत समागम और भंडारे का आयोजन किया गया। धाम के महंत श्यामदास महाराज ने बताया कि कार्यक्रम में सुबह सवा आठ बजे मटोलिया धाम के शिखर पर कलश स्थापना की गई और इसी के साथ संतों का प्रवचन हुआ। प्रकाशदास महाराज ने भक्ति संगीत गाकर आगंतुकों को भाव विभोर कर दिया और सवा ग्यारह बजे भंडारा शुरु हुआ। जो देर शाम तक चला। कार्यक्रम में कैलाश धायल, परसाराम धायल, अर्जुनदास बगड, ओमनाथ महाराज नाथजी का टीला झुंझुनूं, चंद्रनाथ महाराज बगड, ओमनाथ महाराज बऊ धाम, दयालदास स्वामी उदयपुरवाटी, चेतननाथ महाराज मुकुंदगढ, कैलाशनाथ महाराज रुनक्सर, गुलाबनाथ महाराज रुनक्सर, लक्ष्मणदास महाराज बामलाशधाम, साध्वी योगश्री नाथ कोट बांध, महेंद्र दास महाराज परसरामपुरा, किशनदास महाराज परसरामपुरा, जीतनाथ महाराज डूंडलोद, झुंझुनू सांसद विजेंद्र ओला, उदयपुरवाटी विधायक भगवानाराम सैनी, सूरजगढ विधायक श्रवणकुमार, पूर्व मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा, पिलानी विधायक पितराम काला सहित आसपास के काफी लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुरेश नेहरा ने किया।

123 बच्चों को सम्मानित किया

रतनगढ़, (निसं)। शहर में स्थित योगी श्री मकडीनाथ उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12वीं 10वीं एवं 8वीं का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहने व विज्ञान वर्ग में दो विद्यार्थियों का राज्य मेरिट में स्थान आने के उपलक्ष में विद्यालय प्रांगण में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संस्था के निदेशक हनुमान प्रसाद न्योल ने बताया कि विज्ञान वर्ग में दो विद्यार्थी हेमंत कुमार ने राज्य मेरिट (11)व विनोद गोदारा (14) राज्य मेरिट में स्थान पर कब्जा किया। कक्षा 10वीं 12वीं में 80 व कक्षा 8वीं में ग्रेड प्राप्त123 विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

मॉक ड्रिल में प्रशासन की मुस्तैदी दिखी

सीकर, (निसं)। श्री कल्याण मेडिकल कॉलेज, सांवली रोड पर शनिवार को ऑपरेशन शील्ड के तहत आयोजित मॉक ड्रिल में जिला प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा, सिविल डिफेंस, होमगार्ड और अग्निशमन विभागों ने आपातकालीन स्थिति में अपनी तत्परता और समन्वय का शानदार प्रदर्शन किया। इस अभ्यास का मकसद आपदा प्रबंधन में विभिन्न विभागों की तैयारियों को परखना था।

शनिवार को सायं 5 बजे सीकर उपखण्ड अधिकारी निखिल पोदार ने कन्ट्रोल रूम में फोन कर कन्ट्रोल रूम के प्रभारी बनवारी लाल भूकर, सोहन लाल शर्मा को श्री कल्याण मेडिकल कॉलेज सांवली में एयर स्ट्राईक की सूचना दी। उन्होंने तत्काल प्रभाव से इसकी जानकारी जिला कलेक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक को दी, जिस पर जिला प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही शुरू की। पुलिस,एम्बुलेंस, सिविल डिफेंस, अग्निशमन, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट, एक्स आर्मी, मेडिकल सहित सभी संबंधित विभागों को घटना के बारें में सूचित किया। सभी संबंधित विभाग अलर्ट मोड पर नजर आते हुए निर्धारित रिस्पांस टाइम में घटनास्थल पर पहुंचे और राहत बचाव कार्य को अंजाम दिया। मॉक ड्रिल के दौरान 25 से 30 घायलों को रेस्क्यू कर श्री कल्याण राजकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि तीन लोगों को मृत घोषित किया गया। सिविल डिफेंस की टीम ने मेडिकल कॉलेज की पांचवीं मंजिल से पांच लोगों को सुरक्षित निकालकर अपनी कुशलता का परिचय दिया। नगर परिषद की अग्निशमन मशीनों और अन्य विभागों के संयुक्त प्रयासों से स्थिति को तेजी से नियंत्रित किया गया। घायलों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई, जो आपात स्थिति में प्रशासन की त्वरित प्रतिक्रिया का प्रमाण है। मॉक ड्रिल की निगरानी जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव, सीओ सीटी प्रशांत किरण, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह जोधा, मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. अशोक चौधरी, राजस्व अधिकारी महेश योगी, होमगार्ड कम्पनी कमांडर जयपाल, संतोष चौहान प्लाटून कमांडर, चीफ वार्डन मदन सिंह कुडी ने की।

चिकित्सालय का भूमिपूजन

लक्ष्मणगढ़ (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर इंदौरिया नर्सरी के नंदीशाला में गौवंश के नि:शुल्क इलाज के लिए बनने वाले गौ चिकित्सा अस्पताल के लिए शनिवार को बुद्धिगरी मंडी फतेहपुर के पीठाधीश्वर दिनेश गिरी महाराज व श्री शील जति महाराज भोजासर बडा शिवराज जति महाराज के सानिध्य में भूमि पूजन समारोह आयोजित हुआ। आयोजित भूमि पूजन समारोह में दानदाताओं में 2 लाख रुपए बलबीर सिंह सारण, 51 हजार ओमप्रकाश बनाईवाले, 51 हजार रूपए बाबूलाल चिराणिया, 21 हजार रूपए एसएन स्कूल, 51 सौ रुपए नरोत्तम व्यास, 51 सौ रुपए श्रीराम शर्मा, 51 सौ रुपए पवन शर्मा, 21सौ रूपए बालकृष्ण शर्मा ने गौ चिकित्सालय के लिए प्रदान करने की घोषणा की।

बैरासर गुमाना गांव की मोक्ष भूमि में युवाओं ने श्रमदान किया

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ़ तहसील के राजस्व ग्राम बैरासर गुमाना में शनिवार को सार्वजनिक ग्राम विकास के सेवाकार्य में अध्यापक सुनिल बैरासर व युवाओं की पहल पर मोक्ष भूमि में श्रमदान कार्य किया गया।

शाम 4 बजे दी जानकारी के अनुसार अध्यापक सुनिल बैरासर ने बताया कि गांव के युवा संजय डांगी, सोनू डांगी, रविप्रकाश खटाना, परमजीत खटाना, विक्की फौजी, अक्षय झोथडा, अमित झोथडा, धर्मेन्द्र झोथडा, राकेश नायक, मंजीत पूनिया, सुमित पूनिया, सोनू पूनिया व ग्रामवासी दीपाराम खटाना, डूंगरराम नायक ने अलसुबह से ट्रैक्टर से समतलीकरण करने के साथ मोक्ष भूमि में अनुपयोगी झाड झखाड हटाने के साथ ही पेड़ो की छंगाई की गई।

कचरे युक्त सामग्री को एक जगह दोपहर तक हुए कार्य में एक जगह एकत्रित करके युवाओं ने मोक्ष भूमि के बदलाव करने का संकल्प उठाया है, जिसमें समतलीकरण के साथ आगामी मानसून के समय पौधारोपण करने का निर्णय लिया गया। वहीं मोक्ष भूमि को हरियाली युक्त बनाने के लिए फूलदार पौधे लगाए जाने के लिए गड्ढे तैयार किए। इस अवसर पर ग्राम विकास कमेटी के सदस्य सूबेदार प्रतापसिंह झोथडा, मानसिंह राहड, रमेश राहड, सूरजभान पूनिया, नवीन पूनिया, पूनिया, मुकेश खटाना, सुभाष नायक ने मोक्ष भूमि पहुंचकर युवाओं के उत्साहवर्धन के साथ हर बेहतर कार्य में युवाओं के सहयोग का आश्वासन दिया।

राजगढ़ तहसील के राजस्व ग्राम बैरासर गुमाना में सार्वजनिक ग्राम विकास के सेवाकार्य में अध्यापक सुनिल बैरासर व युवाओं की पहल पर मोक्ष भूमि में श्रमदान कार्य किया गया।

शैक्षिक गुणवत्ता चेतना यात्रा का शुभारंभ

सादुलपुर, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के प्रदेश के आव्